संक्षिप्त

साधारण सभा में हुआ हंगामा

मसूदा, (निसं)। मसूदा के इतिहास में आज का दिन काला धब्बा कहा जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार मसूदा पंचायत समिति के सभागार में शुक्रवार को मसूदा प्रधान मीनू कंवर की अध्यक्षता साधारण सभा का आयोजन किया गया था। कार्यवाही शुरू होने से पूर्व मसूदा उपखंड अधिकारी दीपशिखा का प्रधान मीनू कंवर राठौड़ द्वारा स्वागत सत्कार कर सदन की कार्यवाही शुरू की गई थी इसी दौरान मसूदा विधायक कानावत सदन में पहुंचे और शिखरानी सरपंच व प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को सरपंच की लाइन में बैठने को कहा इसको लेकर राठौर व कानावत में जबरदस्त गहमागहमी हो गई। कानावत ने सुरेंद्र सिंह राठौड़ का अपमान किया इस पर प्रधान मीनू कंवर राठौड़ ने विधायक से कहा कि वो बार बार सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ को अपमानित करते हैं। आपको उनका अपमान नहीं करना चाहिए इतना कहते हुए प्रधान ने साधारण सभा का बहिष्कार करते हुए सदन से बाहर निकल गई। उनके साथ सभी सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उनके समर्थन में सभागार से बाहर निकल गए। सदन में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कई जनप्रतिनिधियो ने यहां तक कहा कि ऐसी कार्यवाही मसूदा के इतिहास में पहली बार हुई जहां विधायक द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि को अपमानित किया जा रहा है जबकि साधारण सभा के अध्यक्षता प्रधान ही करते हैं इस घटना को मसूदा के इतिहास में एक काला धब्बा कहा जा सकता है।

विशाल सहस्त्रधारा का आयोजन

अजमेर, (कासं)। सावन के पावन अवसर पर शुक्रवार को नाका मदार स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर पंडित पीयुष शर्मा के सानिध्य में सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया।
सहस्त्रधारा के संयोजक हिमांशु राजन भारद्वाज ने बताया कि महादेव के प्रात: विधि विधान एवं मंत्रोचार से पूजन रूद्राभिषेक के साथ सहस्त्रधारा, आकर्षक श्रृगार एवं महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।
इस अवसर पर राजेंद्र भारद्वाज, नगर निगम अजमेर के पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत, अजमेर कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल, अशोक शर्मा इन्द्रवीर सिंह चुंडावत, दीपान्शु शर्मा, प्रदीप शैली सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मोक्ष सप्तमी पर्व भक्ति भाव से मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। आदिनाथ पंचायत के तत्वाधान में सिटी रोड स्थित मंदिर में दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा मोक्ष सप्तमी पर्व विधि विधान से भक्ति भाव के साथ मनाया गया। महिला महासमिति अध्यक्ष मोना झांझरी ने बताया कीभगवान के शांति धारा अभिषेक कर बच्चों को गन्धोदक दिया। रीटा गंगवाल व अंतिमा झांझरी ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। पं रोहित शास्त्री के निर्देशन में रिद्धि सिद्धि मंत्रों से दीप प्रज्वलित कर आदिनाथ भगवान व पारसनाथ भगवान की पूजा की। रेखा झांझरी ने बच्चों से पूजन संबंधी प्रश्न पूछे। महामंत्री ऊषा गोधा की ओर से पुरस्कार वितरण कर बच्चो का हौसला बढ़ाया। सरिता पहाड़िया नीतू पापड़ीवाल, मुन्नी दगड़ा, सुनीता गंगवाल, सुनीता काला, सिंपल बाकलीवाल, सुषमा दोषी ने सहयोग किया। पूजन सामान के पुण्यार्जक अनिल अजमेरा चितावा वाले परिवार रहा। कार्यक्रम में निशा रारा, मंजू बोहरा, जूही चौधरी, बबीता कासलीवाल, प्रियंका पहाड़िया, रीना रावका, पल्लवी गंगवाल, प्रीती छाबडा, कविता दगड़ा, संध्या दगड़ा, पुरुष वर्ग से आदिनाथ पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, उप मंत्री इंद्र पाटनी, कैलाश पहाड़िया, संजय झांझरी, देवेंद्र झांझरी आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष मोना झांझरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह कल

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के वर्ष 2025 – 26 की प्रांतीय कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह रविवार को प्रात: 10.15 बजे से पंचशील नगर स्थित सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में आओ खुशियां बांटे की थीम पर आयोजित किया जाएगा।
डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायन क्लब अजमेर के तत्वावधान में होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि एवं पदस्थापना अधिकारी पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन नरेश अग्रवाल नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाकर पदस्थापित कराएंगे।
मुख्य वक्ता पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी के लाडिया, विशिष्ट अतिथि लायन द्वारका जालान होंगे।

ऑपरेशन त्रिकाल में राज्य स्तरीय ईनामी बदमाश मौखम की धरपकड़

ब्यावर (निसं) पुलिस ने राज्यस्तरीय टॉप 20 में वांछित आरोपी मौखम सिंह गिरफतार किया है।वांछित आरोपी पर पुलिस मुख्यालय से 25,000/- रूपये का ईनामी घोषित था जो करीब 02 वर्षो से फरार चल रहा था फरार।

आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, चोरी व एक्सटार्सन आदि के 64 आपराधिक मामले जिला ब्यावर, अजमेर, भीलवाडा, पाली व राजसमंद में दर्ज है।आरोपी करीब आधे दर्जन बलात्कार, चोरी व लूट के मामलो में वांछित था।

आरोपी फरारी के दौरान पुलिस की गिरफतारी के भय से रोजाना 200-300 किलो मीटर की दूरी मोटर साईकिल से तय करता था।वांछित और शातिर ईनामी आरोपी पूर्व में 03 बार जेल तोड कर फरार हो चुका है।आरोपी फरारी के दौरान गिरफ्तारी के लिए पुलिस को देता था चुनौती देता था लेकिनआपरेशन त्रिकाल से पुलिस टीम ने चुनौतियो को धराशायी कर दिया ।फरारी के दौरान आरोपी सुनसान मन्दिर व जंगलो राते गुजारता था। आरोपी को शरण देने वाले एंव सहायता करने वालो को चिन्हित किया जाकर प्रभावी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर राजेंद्र सिंह के आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के निकट सुपरविजन में ऑपरेशन त्रिकाल के तहत वृताधिकारी राजेश कसाना के नेतृत्व में जिला स्तर गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुवे राज्यस्तर के टॉप 25 वांछित अपराधियों में चयनित अपराधी मौखम सिंह को गिरफतार किया गया। गौरतलब की राज्यस्तर पर चयनित 25 सार्वाधिक वांछित अपराधियों में से शामिल आरोपी नौखम सिंह निवासी लसाणी प्रथम पिछले करीब 02 सालो से फरार चल रहा था। आरोपी ने फरारी के दौरान बलात्कार, चोरियां व लूट के करीबन आधा दर्जन वारदातों को अंजाम दिया व गिरफतारी के लिये जिला पुलिस को चुनीतिया देता रहा। राज्यस्तर टॉप 25 चिन्हित वांछित आरोपी मौखम सिंह कि बढती वारदातों, दहशत व गिरफतारी के लिये पुलिस को चुनौतिया देने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गम्भीरता से लिया जाकर जिला पुलिस मुख्यालय पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा वांछित व कुख्यात शातिर अपराधी द्वारा अपनाये जा रहे तरीका वारदात व छिपने योजनाओ पर गहन विश्लेषण किया गया। आरोपी को शरण व सहायता करने वाले लोगो चिन्हित किया जाकर उनके आप पास निगरानी रखते हुवे गठित टीम द्वारा दिन-रात प्रयास किया जाकर आसूचना संकलन व तकनीकी विश्लेषण किया गया । फरारी के दौरान आरोपी को सुनसान मन्दिर व जंगलो में टीम द्वारा दबिशे दी जाकर अपने आश्रय स्थलों छोडने पर मजबूर किया। शातिर अपराधी अपनी गिरफतारी से बचने हेतु अपनी मोटर साईकिल से प्रतिदिन करीब 200-300 किलो मीटर की दूरी तय करता था। पुलिस टीम द्वारा भी आरोपी की सोच के अनरूप कार्य योजना बना कर मोटर साईकिलो से भीलवाडा, बिजयनगर, आसीन्द, ब्यावर, अजमेर, रास, पीसांगन ईलाको में करीब प्रत्येक रोज 200-300 किलो मीटर घूम कर सूचना संकलन किया जाकर कुख्यात आरोपी मौखम सिंह को गिरफतार करने में बडी सफलता प्राप्त की।

आरोपी से गहन अनुसंधान जारी है। जिसे जिले के आस-पास के अन्य जिलो की वारदातो का खुलासा होने कि सम्भावना है।पुलिस टीम में जितेन्द्र सिंह थानाधिकारी साकेत नगर, गजराज थानाधिकारी सदर, रामजस सउनि प्रभारी जिला स्पेशल टीम, नन्द किशोर सिंह हैड कानि., जितेन्द्र सिंह हैड कानि., भुपेन्द्र सिंह हैड कानि.,सुशील टोगस ,मांगी लाल ,भवानी सिंह,सुरेन्द्र सिंह ,दिनेश कुमार,प्रदीप ,छोटू राम,विजय सिंह ,महेन्द्र कुमार ,मुकेश,नैना सिंह, लक्ष्मीनारायण आदि थे।

भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में रूपनगढ़ रोड स्थित जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याण महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रवक्ता गौरव पाटनी ने बताया की कार्यक्रम के पुण्यार्जक कमला देवी-जयकुमार राजकुमार मुकेश वेद परिवार ऊंटड़ा वाले रहे। पुण्यार्जक परिवार द्वारा आचार्य वर्धमान सागर महाराज को अर्घ समर्पित किया। उपवास करने वाली बालिकाओं ने भगवान पार्श्वनाथ की पूजा अर्चना की। पूर्व संध्या पर दिगंबर जैन वीर संगीत मंडल द्वारा णमोकार मंत्र पाठ किया। इस अवसर पर मुनिसुव्रतनाथ पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, विजय कासलीवाल, चेतन प्रकाश पांड्या, विमल पाटनी, दिलीप कासलीवाल, कैलाश पाटनी, राजेश पांड्या, कमल वैद, सुरेंद्र दगड़ा, विमल पापल्या, सुभाष वैद, मुकेश गंगवाल, संजय पांड्या, पारसमल बाकलीवाल, विजय गंगवाल, निर्मल पांड्या, संजय बाकलीवाल, सुमेर गोधा, पदम गंगवाल, मुकेश पांडया, भागचंद बोहरा, मुकेश पापड़ीवाल, प्रदीप वैद,

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर का स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में स्थापना दिवस समारोह उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार सहित अतिथियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर परिसर में कल्पवृक्ष के जोड़े का रोपण भी किया गया।

समारोह के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ. हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारतीय ज्ञान परंपरा का बीजारोपण कर समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और अंधविश्वास के विरुद्ध महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि डीएवी आंदोलन के माध्यम से स्वामी दयानंद ने अंग्रेजी माध्यम में भी भारतीय संस्कृति की शिक्षा दिए जाने का मार्ग प्रशस्त किया। राठौड़ ने क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए मातृभाषा की उपेक्षा पर चिंता भी जताई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट विकास के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को श्रेष्ठता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

■ वैदिक यज्ञ से हुआ शुभारंभ, भारतीय ज्ञान परंपरा के सुदृढ़ीकरण का आव्हान

अध्यक्षता कर रहे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति के संरक्षण और मजबूती में ही हमारी अस्मिता निहित है, उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षकों एवं स्टाफ की कमी को दूर करने का भरोसा दिलाया। कुलपति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्थापना दिवस आत्ममूल्यांकन का दिन है, उन्होंने विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था बनाने की दिशा में सतत प्रयास और भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रत्येक पाठ्यक्रम एवं शोध का आधार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनलर्निंग (पुरानी मान्यताओं को तिलांजलि देने) का महत्व समझाते हुए नवाचार पर बल दिया। राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पूर्व कुलपति प्रो बी आर छीपा ने स्वामी दयानंद को भारतीय संस्कृति के प्रणेता और समाज सुधारक के रूप में स्मरण किया। समारोह में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश शेखावत, प्रो. के. सी. शर्मा, प्रबंध बोर्ड सदस्य प्रो. अनिल दाधीच, प्रो. ऋतु माथुर, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय प्रो. सुचेता प्रकाश समेत अनेक शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

मेवाड़ माली महासभा ने किया अनुभव

भीलवाड़ा। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली व जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली, युवा महासभा के जिलाध्यक्ष उदयलाल माली के नेतृत्व में मेवाड़ संभाग के माली महासभा के पदाधिकारियों ने जयपुर स्थित राष्ट्रीय संस्थान भवन में महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुभव चंदेल का स्वागत सम्मान किया।

राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिला महामंत्री सत्यनारायण माली ने बताया कि मेवाड़ संभाग के चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, उदयपुर के महासभा के पादधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के चुनाव में भारी मतों से निर्वाचित होने व पुन: राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष बनने पर अनुभव चंदेल का महासभा के पदाधिकारियों ने मेवाड़ी साफा बंधवाकर व दुपट्टों से उनका भव्य स्वागत सम्मान किया। साथ ही मेवाड़ से गये प्रतिनिधि मण्डल ने जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर 3 में स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान परिसर में चल रहे भव्य छात्रावास निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। साथ ही इस अवसर पर महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि मेवाड़ संभाग से भी इस छात्रावास निर्माण में पूरा सहयोग किया जायेगा।

उपस्थित मेवाड़ संभाग पदाधिकारियों ने जयपुर में भव्य छात्रावास निर्माण कार्य को लेकर भी अध्यक्ष की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए समाज की आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा के क्षेत्र में इसे एतिहासिक कार्य बताया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि.) के कार्यालय प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री भवानीशंकर माली का भी मेवाड़ी साफा पहनाकर अभिनंदन किया। साथ ही भवानी शंकर माली ने मेवाड़ के सभी पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान के लिए आभार प्रकट किया।

निक्षय पोषण किट बांटे

भीलवाड़ा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय पोषण किट वितरण योजना के तहत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर टीबी उपचाररत रोगी को निक्षय पोषण किट वितरित किया। जिला कलेक्टर ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के राजकीय कार्मिकों को भी टीबी मरीजों का निश्चय मित्र बनकर निशुल्क टीबी पोषण किट वितरित करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे कि भीलवाड़ा जिला टीबी मुक्त हो सके। इस अवसर पर जिला कलेक्टर संधु ने रोगी को पोषित आहार लेने और टीबी की दवाएं पूरी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति प्रतिबद्ध है और इस अभियान के तहत जिले में टीबी रोगियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने टीबी रोगी को समय-समय पर अपनी जांच कराने और पोषित आहार लेने के लिए आठाह किया।सीएमएचओ ने बताया कि जिले में आज तक कुल 1952 निक्षय मित्र रजिस्टर्ड कर दिए गए हैं और कुल 3140 निक्षय पोषण किट वितरित किए जा चुके हैं।

मानसून फेस्ट की जानकारी दी

अजमेर (कासं)। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र विधायक अनीता भदेल ने शुक्रवार को होटल एम्बरडाइन में प्रेस वार्ता के माध्यम से आगामी रविवार को आयोजित होने वाले मातृशक्ति मानसून फेस्ट की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित आयोजन रविवार को दोपहर 2 बजे से डीएवी कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से जिले की महिलाओं के लिए समर्पित है। इसमें उन्हें मनोरंजन, सहभागिता और सशक्तिकरण के अवसर एक साथ मिलेंगे। इस मानसून फेस्ट में लगभग 15 हजार महिलाओं के भाग लेने की संभावना है। विधायक भदेल ने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार पाँचवीं बार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य आम महिलाओं को मंच उपलब्ध कराना है। यहां वे अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और सामाजिक सहभागिता को प्रस्तुत कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन उन महिलाओं के लिए भी अवसर बनते हैं, जो सामान्यतया सामाजिक आयोजनों में भाग नहीं ले पातीं। उनके मन में सदैव जुड़ाव और सहभागिता की इच्छा रहती है। कार्यक्रम की विशेषताओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस फेस्ट में लहरिया फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। मिस लहरिया, मिस ट्रेडिशनल, मिस ब्राइडल, माँ-बेटी राउण्ड, सास-बहु राउण्ड इस प्रकार फैशन-शो की पांच प्रकार की श्रेणियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह शो पारिवारिक रिश्तों की सुंदरता को मंच पर लाने के साथ महिलाओं के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति को भी सशक्त करेगा। साथ ही इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को उपयोगी एवं कीमती उपहारों से सम्मानित किया जावेगा।

खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवायें

अजमेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। इससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे है। खाद्य सुरक्षा में से ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी एवं अर्द्धसरकारी तथा स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो और परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो को निष्कासन सूची में शामिल किया गया है। जिला रसद अधिकारी प्रथम रतन कौर ने बताया कि एक नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में शुक्रवार तक अजमेर जिले में 28 हजार 354 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है। अभियान की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। यदि इसके बाद भी कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभागीय कार्यवाही के साथ बाजार दर 27 रूपये प्रतिकिलो की दर के हिसाब से वसूली की जाएगी।

कार्यकारिणी घोषित

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किशनगढ़ फुटवियर एसोशिएशन की वार्षिक गोष्ठी के दौरान कार्यकारिणी घोषित की गई। संरक्षक नानकराम लखवानी, लक्ष्मणदास थारवानी, लक्ष्मीनारायण सोनगरा की अध्यक्षता में आयोज्य बैठक में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर हेमंत आसुदानी को पदीय दायित्व सौपा गया। साथ ही सचिव पद पर विजय आसुदानी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र फतनानी, उपाध्यक्ष सुरेश देवलानी व दिलीप सोनगरा चुने गये। संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा व पूर्व सचिव कैलाश राठौड़ जीनगर ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अवकाश रखने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सदस्य नानक राम लखवानी, सुरेश विशनानी, मुरली जसवानी, तेजमल खत्री, जगदीश पबनानी, दिलीप आसेरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वित्तीय समावेशन संतृप्तता शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा। ज़िले के अठाणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कोचरिया ग्राम पंचायत में एक दिवसीय वित्तीय समावेशन संतृप्तता शिविर का सफल आयोजन किया गया, साथ ही मॉंडल चौराहा पर एक नवीन बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ हुआ, जिसे एक महिला बैंक प्रतिनिधि द्वारा संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शैलेश कुमार शर्मा, सहायक महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, वडोदरा, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अमित टुकड़िया, उप क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, भीलवाड़ा, अठाणी ज़िला प्रबन्धक (एलडीएम) अशोक कुमार पाण्डेय, वित्तीय समावेशन विभाग प्रभारी क्षेत्रीय कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा संजय शर्मा, शाखा प्रबंधक संजय चौधरी, राजीविका डीएम एफआई राजेंद्र बाबर, सरपंच श्रीमती रत्नी देवी, उप सरपंच भगवती लाल कुमावत, एफएलसी प्रतिनिधि अंकित क्षोत्रिय, बीसी कोऑर्डिनेटर देवेंद्र सिंह एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं आनंद कंवर राजपुरोहित : सुभाष नगर शाखा द्वारा नामित श्रीमती आनंद कंवर राजपुरोहित, जो एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं और बारहवीं तक शिक्षित हैं, ने मॉंडल चौराहा पर बैंकिंग आउटलेट को संचालित करने की जिम्मेदारी ली है। वह सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं जैसे खाता खोलना, जमा, निकासी, बीमा, पेंशन योजना इत्यादि प्रदान करेंगी। मुख्य अतिथि शैलेश शर्मा ने कहा कि आनंद कंवर का जज्बा, आत्म-प्रेरणा और जिज्ञासा महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। वह एक सफल महिला उद्यमी हैं और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने सरेरी शाखा के बीसी प्रतिनिधियों से भी आठाह किया कि वे अपने ग्राम पंचायतों में सभी पात्र नागरिकों को माइक्रो बीमा योजनाओं से जोड़ें।

वित्तीय समावेशन शिविर के मुख्य उद्देश्य: प्रधानमंत्री जन धन योजना (), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (), अटल पेंशन योजना (), प्रधानमंत्री जनधन खातों का नामांकन एवं पुन: केवाईसी (-), इस अवसर पर योजना के अंतर्गत 2.00 लाख का बीमा दावा चेक अजीत सिंह को सौंपा गया, जिन्होंने हाल ही में परिवार के एक सदस्य को खोया था।

बीमा ग्राम पंचायत की पहल : शैलेश शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि कोचरिया ग्राम पंचायत को राजस्थान की पहली बीमा ग्राम पंचायत बनाया जाए, जहाँ हर पात्र नागरिक को एवं योजना का लाभ मिले। सरपंच, उप सरपंच एवं स्वयं सहायता समूह () की सदस्यों ने इस चुनौती को मिशन मोड में स्वीकार करते हुए पूर्ण सहभागिता का आश्वासन दिया।

डिजिटल सुरक्षा पर जागरूकता। अठाणी ज़िला प्रबन्धक अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा डिजिटल फ्रॉड से बचाव पर जानकारीपूर्ण सत्र लिया गया, जिसमें साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला गया। बीसी कोऑर्डिनेटर बैठक एवं सम्मान समारोह इस अवसर पर भीलवाड़ा क्षेत्र की बीसी कोऑर्डिनेटर बैठक का भी आयोजन किया गया। शैलेश शर्मा ने सभी बीसी कोऑर्डिनेटर्स को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ बीसी को योजनाओं की पूर्ण जानकारी दें एवं सूक्ष्म बीमा योजनाओं में हर पात्र को जोड़ने के लिए निरंतर प्रेरित करें।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया: बीसी कोऑर्डिनेटर दुर्गेश सिंह, बीसी कोऑर्डिनेटर लोकेश मीणा, बीसी मुकेश सुवालका, बीसी भेरूलाल शर्मा, लाभार्थी एवं संचालन। इस शिविर में लगभग 100 से अधिक ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन अंकित क्षोत्रिय (एफएलसी प्रतिनिधि) द्वारा किया गया। यह आयोजन वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में बैंक ऑफ बड़ौदा का एक महत्वपूर्ण कदम रहा। बैंक भविष्य में भी ग्रामीण समाज के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार के प्रयास करता रहेगा।

सार-समाचार

आरक्षण को लेकर भरी हुंकार

भीलवाड़ा। राष्ट्रीय पशुपालक संघ, डीएनटी संघर्ष समिति और विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू जाति परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 'महा-बहिष्कार' आन्दोलन के तहत भीलवाड़ा के आज़ाद चौक में सभा की और वहां से कलेक्टर ऑफिस तक रैली निकाली गई। इसमें देश-प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और समाजजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. फिर आक्रोश दिखाने के लिए पुतला दहन किया गया। राष्ट्रीय पशुपालक संघ के अध्यक्ष लालजी राईका ने कहा कि इस आंदोलन के बाद भी यदि सरकार ने हमारी मांगों पर हमसे कोई वार्ता नहीं करती है तो सभी डीएनटी समाज इस आंदोलन को पूरे राज्य में फैलायेंगे । यदि सरकार वार्ता करने में असफल रहती है तो अगले तीन महीनों में हमारे आंदोलन का पूरे राज्य में विस्तार होगा। रायका ने बताया कि राजस्थान सरकार की सूची में 32 डीएनटी समुदाय शामिल हैं, जबकि वास्तविक संख्या 50 से अधिक है. इनकी अनुमानित जनसंख्या 1 करोड़ 23 लाख हैं, जोकि राज्य की कुल जनसंख्या का 15 है, लेकिन शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में इनकी भागीदारी नगण्य है. समाज की आजादी के बाद प्रशासन,राजनीतिक, शिक्षा और व्यवसाय में कोई प्रभावी भागीदारी नहीं मिली है. कई लोगों के पास आज तक आवास नहीं है। घुमंतू, अर्ध-घुमंतू, विमुक्त जाति परिषद के प्रदेशाध्यक्ष श्री रतननाथ कालबेलिया ने कहा कि 1 नवंबर 2025 से सभी डीएनटी समाज हाईवे पर आकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे ताकि पूरी दुनिया को इस अन्यायी सरकार के बारे में पता चले । यदि सरकार अपने अहंकार पर अडिग रही तो डीएनटी समाज पंचायत और निकाय चुनावों का बॉयकॉट करेगी। इस बीच डीएनटी समाज प्रमाणपत्र बनाने वाले सभी सरकारी कैंपों का बॉयकॉट करेगी क्योंकि हमारे सभी नामों और उप-नामों को सरकार ने शामिल नहीं किया है। डीएनटी के लिए आयोजित सरकारी कार्यक्रमों का डीएनटी समाज काले झंडे दिखाकर अपना विरोध प्रदर्शन करेगी क्योंकि ये कार्यक्रम केवल दिखावा है और इनसे इन समाजों का कोई विकास नहीं हुआ है । डीएनटी समाज की प्रमुख मांगें: समाज को अलग से 10 आरक्षण दिया जाए, पंचायतों में 10 हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए, समाज के लोगों को उनकी बस्तियों की जमीन पर पट्टे दिए जाएं, बच्चों के लिए मॉडल स्कूलों की व्यवस्था की जाए. 1000 बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जाए।

चारागाह में सरस्वती वाटिका का निर्माण

भीलवाड़ा। ग्राम पंचायत पीपलून्द में पीईईओ क्षेत्र के समस्त विद्यालय के सहयोग से अभिनव प्रयोग करते हुए सरस्वती वाटिका का निर्माण करवाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता शर्मा ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान, मुख्यमंत्री वृहद वृक्षारोपण महाअभियान एवं हरियालो राजस्थान 2.0 के अंतर्गत पीपलून्द चारागाह की 2 बीघा भूमि को ग्राम पंचायत और पीपलून्द पीईईओ क्षेत्र के समस्त विद्यालयों सहयोग से तैयार करवा कर प्रशासक वेदप्रकाश खटीक की अध्यक्षता में सघन वृक्षारोपण किया गया। जिसमें अशोक, आम, कदम्ब, अर्जुन, जामुन, सीताफल, गुगल,बरगद, पीपल, बिल्वपत्र, नीम, कनेर, गुलाब, हर्षश्रृंगार, नारियल, आंवला, नींबू, संतरा, तुलसी,अमलतास सहित अनेक प्रजाति के 900 सौ से अधिक पौधे लगाएं गए। सरपंच वेदप्रकाश खटीक ने बताया कि विद्यालयों द्वारा चारागाह भूमि में पौधे लगाने का जहाजपुर उपखंड क्षेत्र में पहला उदाहरण है, ग्राम पंचायत द्वारा 2 बीघा भूमि में तारबंदी की गई, गेट लगाया जायेगा और पीईईओ क्षेत्र के विद्यालयों द्वारा किया गया, जिसमें पौधे , पौधे लगाना, बूंद बूंद सिंचाई की व्यवस्था का व्यय किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय शर्मा, ग्राम पंचायत के सचिव राकेश चौधरी, भोजपुरा से दिलीप गुजराती, गोदान का बाड़ा से अशोक मीणा, सुभाषनगर भगवान लखारा, श्रृंगारचंवरी पवन जोशी, दीपक तिवारी, दाम सिंह मीणा, मनोहर रेगर, जय सिंह मीणा, गोपी लाल बेनीवाल, शिव नारायण गुर्जर, धर्म सिंह मीणा, कौशल्या पारीक,शीला मीणा,आशा शर्मा,अमित कुमार मीणा, निज़ाम मोहम्मद,दुर्गा लाल खटीक, ब्रह्मप्रकाश पूरी, प्रवीण मीणा, भरत मीणा, विद्यालय के छात्रों सहित अनेक